राज्यपाल सचिवालय
राज भवन,   जयपुर

राज्यपाल से अर्जुन अवार्ड प्राप्त करने वाली खिलाड़ी दिव्यकृति सिंह ने की मुलाकात

जयपुर, 11 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से गुरुवार को राजभवन में घुड़सवारी में एशियन गेम्स–2023 में देश को स्वर्ण पदक दिलाने वाली देश की पहली महिला अर्जुन अवॉर्डी दिव्यकृति सिंह ने मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने दिव्यकृति सिंह को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने राजस्थान ही नहीं पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि दिव्यकृति सिंह भारत की बेटियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को ही दिव्यकृति को अर्जुन अवॉर्ड देकर सम्मानित किया था।

—————

ARJUNA AWARD
2023
Ms Divyakriti Singh
Equestrian